आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 रविवार दिनांक 04.01.2026

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

मुख्य समाचारः–

1– केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत – जी राम जी क़ानून को लेकर कहा, मनरेगा भ्रष्टाचार का पर्याय बन गया था, जहां अक्सर श्रमिकों का शोषण होता था।

2– ''परीक्षा पे चर्चा'' कार्यक्रम में इस वर्ष छत्तीसगढ़ ने अभिभावकों की भागीदारी में प्रथम स्थान हासिल किया।

3– प्रदेश में सूबेदार, उप निरीक्षक और प्लाटून कमांडर की भर्ती परीक्षा के तहत अभ्यर्थियों के दस्तावेज़ सत्यापन और शारीरिक माप परीक्षण छह जनवरी से छह फरवरी तक होगा।

और

4– सुकमा जिले में मारे गए बारह माओवादियों की हुई पहचान–इन पर कुल साठ लाख रूपये का इनाम घोषित था।

विकसित भारत – जी राम जी कानून

---

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मनरेगा भ्रष्टाचार का एक पर्याय बन चुका था, जहां श्रमिकों को प्रायः दरकिनार करके उनका शोषण किया जाता था। आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण – जी राम जी क़ानून को लेकर जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी मनरेगा की नहीं, बल्कि इसमें हो रहे भ्रष्टाचार की रक्षा करना चाह रही है। श्री चौहान ने कहा कि विशाल बजट के बावजूद, मनरेगा ने किसी स्थायी संपत्ति सृजन या गांवों के दीर्घकालिक विकास को बढ़ावा नहीं दिया।

उन्होंने कहा कि नए विधेयक से श्रमिकों की आर्थिक स्थिति बेहतर होगी और वे गांवों में सार्थक योगदान भी दे सकेंगे।

बहुत बेहतर ढंग से विकसित भारत जी–राम–जी योजना में संरक्षित किया गया है। सौ दिन की बजाए सवा सौ दिन रोजगार की गारंटी है। बेरोजगारी भत्ते के प्रावधान को मजबूत कर दिया है। मांगने पर काम नहीं तो बेरोजगारी भत्ता पुख्ता, अब विलंबित मजदूरी के भुगतान पर दंड का प्रावधान अतिरिक्त पैसा देना पड़ेगा। मजदूरों को काम मिले यह प्राथमिकता है, लेकिन उसके साथ–साथ इस विशाल धनराशि से गांव में विकास के काम हो। विकसित भारत के लिए विकसित गांव और इसके लिए धनराशि बढ़ाई गई है। इसी साल जो प्रस्तावित है जो नया वित्तीय वर्ष प्रारम्भ होने वाला है, एक लाख 51 हजार 282 करोड़ रुपिया

<u>परीक्षा पे चर्चा</u>

---

"परीक्षा पे चर्चा" कार्यक्रम में इस वर्ष छत्तीसगढ़ ने अभिभावकों की भागीदारी में प्रथम स्थान हासिल किया है। अब तक छत्तीसगढ़ से पच्चीस लाख सोलह हजार प्रतिभागियों ने पंजीयन किया है, जिनमें बाईस लाख पचहत्तर हजार विद्यार्थी, एक लाख पचपन हजार शिक्षक और इकयासी हजार पांच सौ से अधिक अभिभावक शामिल हैं। यह उपलब्धि राज्य में परीक्षा प्रबंधन, समय प्रबंधन और अभिभावकों को अपने बच्चों को परीक्षा में अधिक अंक लाने के लिए अनावश्यक दबाव देने से बचने तथा उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों को बताता है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की यह उपलब्धि राज्य के विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है।

<u>पुलिस भर्ती परीक्षा</u>

---

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने पुलिस विभाग में सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग और प्लाटून कमांडर की भर्ती परीक्षा के तहत अभ्यर्थियों के दस्तावेज़ सत्यापन और शारीरिक माप परीक्षण की तिथियां घोषित कर दी हैं।

आयोग द्वारा जारी सूचना के अनुसार यह प्रक्रिया छह जनवरी से छह फरवरी तक संपन्न कराई जाएगी। दस्तावेज सत्यापन और शारीरिक माप परीक्षण परीक्षा सरगुजा, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर, रायपुर और राजनांदगांव जिले में आयोजित होगी।

आयोग के अधिकारियों ने बताया कि अभ्यर्थियों को सुबह सात बजे निर्धारित स्थानों पर उपस्थित होना होगा। शारीरिक माप परीक्षण सुबह आठ बजे से शुरू होगा। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र बीते छब्बीस दिसंबर को जारी कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र आयोग की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

<u>अग्निवीर भर्ती रैली–प्रवेश पत्र</u>

---

धमतरी के इंडोर स्टेडियम में दस से चौबीस जनवरी तक अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। इस रैली में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के पुरूष अभ्यर्थी भाग लेंगे। इसके लिए भारतीय सेना ने प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं।

सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा मिली जानकारी के अनुसार इस भर्ती रैली के अंतर्गत जनरल ड्यूटी, तकनीकी, क्लर्क–स्टोर कीपर और अग्निवीर ट्रेड्समैन के पदों के लिए चयन प्रक्रिया संपन्न होगी। भर्ती रैली में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र, रैली अधिसूचना में उल्लेखित सभी आवश्यक दस्तावेज और आधार कार्ड से लिंक मोबाइल फोन साथ लाना अनिवार्य होगा। सेना भर्ती कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि भारतीय सेना में चयन केवल योग्यता और प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है। अभ्यर्थी दलालों और प्रलोभन देने वालों से दूर रहें।

गौरतलब है कि भारतीय सेना द्वारा बीते तीस जून से दस जुलाई तक ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा सहित अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में भाग लेने के पात्र होंगे।

एसआईआर

प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान–एसआईआर के तहत ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन होने के बाद लोगों से दावा–आपत्ति मंगाई जा रही है। संबंधित विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा ऐसे मतदाताओं को नोटिस जारी किए जा रहे हैं, जिनके नाम का मतदाता सूची से मिलान नहीं हो पाया है अथवा अंतर पाया गया है। दावा–आपत्ति से संबंधित कार्य बाईस जनवरी तक जारी रहेगा। वहीं, चौदह फरवरी तक प्रस्तुत दस्तावेजों का परीक्षण कर मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने की कार्रवाई की जाएगी। सुनवाई और सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद इक्कीस फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से निर्वाचन आयोग की इस पूरी प्रक्रिया में सहयोग करने की अपील की है।

जी राम जी योजना–जांजगीर

जांजगीर–चांपा जिले की ग्राम पंचायत तरौद के पूर्व सरंपच गुरू दयाल पाटले ने विकसित भारत –जी राम जी योजना को सभी मजूदरों और किसानों के हित में बताया है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि इस अधिनियम से मजदूरों और किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

धमतरी–मिलेट्स महोत्सव

पोषण सुरक्षा, किसान समृद्धि और कृषि को बढ़ावा देने के लिए धमतरी में कल पांच जनवरी को पहली बार ''मिलेट्स महोत्सव'' का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य किसानों, महिला स्व–सहायता समूहों और आम नागरिकों को मिलेट्स की खेती, पोषण मूल्य, स्वास्थ्य लाभ और विपणन संभावनाओं से अवगत कराना है।

महोत्सव के दौरान जिले में उत्पादित कोदो, कुटकी और रागी सहित विभिन्न प्रकार के मिलेट्स तथा उनसे तैयार पोषक, स्वादिष्ट और पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

दुर्घटना

बिलासपुर जिले में बीती रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार रायपुर से एक परिवार अमरकंटक जा रहा था। इसी दौरान उनकी कार बेलगहना चौकी के पास हादसे का शिकार हो गई। घायलों को सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

वहीं, कोंडागांव जिले में बीती रात हुई दो अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई।

उधर, बालोद जिले के ग्राम लिमहाटोला में आज सुबह सड़क किनारे खड़ी एक बस को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। साथ ही ट्रक ने पास में ही खड़ी दो मोटरसाइकिलों को भी अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में बस में सवार चार लोग घायल हो गए हैं। यह बस भानुप्रतापपुर से दल्लीराजहरा जा रही थी। हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया।

इस बीच, दुर्ग रेलवे स्टेशन में आज सुबह ड्यूटी पर तैनात एक रेलवे कर्मचारी की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान अजय कुमार के रूप में हुई है, जो रेलवे में टेक्नीशियन ग्रेड–वन के पद पर कार्यरत थे।

ईसीआई नेट ऐप

भारत निर्वाचन आयोग ने ई.सी.आई. नेट ऐप में सुधार के लिए लोगों से सुझाव मांगे हैं। इस ऐप पर दस जनवरी तक सुझाव दिए जा सकते हैं। आयोग ने मतदाताओं को बेहतर सेवाएं और चुनाव संबंधी जानकारी देने के लिए ये डिजिटल मंच बनाया है।

निर्वाचन आयोग के अनुसार ऐप का परीक्षण बेहतर मतदाता सेवाएं, मतदान प्रतिशत रुझानों की त्वरित उपलब्धता और मतदान समाप्त होने के बहत्तर घंटों के भीतर सूचकांक कार्डों का प्रकाशन प्रदान करता है। ई.सी.आई. नेट प्लेटफॉर्म को इस महीने के अंत में आधिकारिक रूप से लॉन्च किया जाना है। यह ऐप गूगल प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर दोनों पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध है।

माओवादी–शिनाख्त

---

सुकमा जिले में कल हुई मुठभेड़ में मारे गए बारह माओवादियों की पहचान कर ली गई है। इनमें पांच महिला माओवादी भी शामिल हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि मारे गए माओवादियों में कोंटा एरिया कमेटी इंचार्ज वेट्टी मंगडू उर्फ मुक्का और कोंटा एरिया कमेटी सचिव माड़वी हितेश भी शामिल हैं। सभी माओवादियों पर कुल साठ लाख रूपये का इनाम घोषित था।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटनास्थल से एके–फोर्टी सेवन रायफल, एसएलआर, इंसास, बीएलजी लॉन्चर और बारह बोर की बंदूक सहित भारी मात्रा में माओवादी सामग्री बरामद की गई है।

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स

---

छत्तीसगढ़ की मेजबानी में देश में पहली बार हो रहे खेलो इंडिया राष्ट्रीय जनजातीय खेल प्रतियोगिता में राज्य की ओर से खेलने वाली टीमों के चयन के लिए ट्रायल छह से आठ जनवरी तक रायपुर और बिलासपुर में आयोजित किए जाएंगे। इस प्रतियोगिता में सात खेलों को शामिल किया गया है। इनमें वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, फुटबॉल और हॉकी के खिलाड़ियों का ट्रायल रायपुर में होगा। वहीं, तीरंदाजी, एथलेटिक्स और तैराकी के खिलाड़ियों का ट्रायल बिलासपुर में आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>